


साप्ताहिक

# विजय संघर्ष

मुंबई, ठाणे और पालघर से प्रकाशित




मुंबई ◆ पृष्ठ : 04 ◆ मूल्य: 02/- ◆ वर्ष : 09 ◆ अंक : 49 ◆ सोमवार, 15 से 21 जून 2026 ◆ महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन व मान्यता प्राप्त RNI No.: MAHHIN/2017/73054


## उद्धव गुट में फिर सियासी हलचल

### 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा से बढ़ी बेचैनी

**क्या शिंदे खेमा फिर करेगा खेला?**



**अब्दुलनूर शेख**

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है. शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के कुछ सांसदों और नेताओं के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संपर्क में होने की अटकलों के बीच उद्धव ठाकरे ने रविवार को सांसदों और वरिष्ठ नेताओं की अहम बैठक बुलाई है. राजनीतिक गलियारों में इस बैठक को सिर्फ संगठनात्मक समीक्षा नहीं, बल्कि पार्टी के भीतर बढ़ती बेचैनी और बदलते राजनीतिक संकेतों के संदर्भ में देखा जा रहा है. पिछले कुछ दिनों से 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा ने राज्य की राजनीति का तापमान बढ़ा दिया है. दावा किया जा रहा है कि उद्धव गुट के कुछ नेता और सांसद राजनीतिक भविष्य को देखते हुए शिंदे खेमे के संपर्क में हैं. हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इन चर्चाओं ने पार्टी के भीतर संभावित असंतोष को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं.

साल 2022 में शिवसेना में हुई बड़ी बगावत के बाद से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी लगातार राजनीतिक और संगठनात्मक चुनौतियों का सामना कर रही है. पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह खोने के बावजूद लोकसभा चुनाव में मिले बेहतर प्रदर्शन ने उद्धव गुट को नई ऊर्जा दी थी. लेकिन यदि अब पार्टी के सांसदों या वरिष्ठ नेताओं के असंतोष की खबरें सही साबित होती हैं, तो यह नेतृत्व के लिए नई परीक्षा मानी जाएगी.

## बेस्ट कर्मचारियों ने दी बेमियादी हड़ताल की चेतावनी!

**मुंबई :** आर्थिक तंगी से जूझ रही बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) के कर्मचारियों ने हड़ताल की चेतावनी दी है। बेस्ट के पास अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया वेतन और प्रोविडेंट फंड के भुगतान के लिए भी पैसा नहीं बचा है। ऐसे में अब बेस्ट के वर्तमान और पूर्व कर्मचारी अपने हक के लिए एकजुट हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, बेस्ट के करीब एक दर्जन संगठनों ने मिलकर 'एक्शन कमेटी' बनाई है। कमेटी ने सोमवार, ८ जून को कामगारों की बैठक बुलाई, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में बेस्ट की खराब आर्थिक स्थिति, घटती बसों की संख्या, बसों की जर्जर हालत और बिना उचित प्रशिक्षण के कांट्रैक्ट पर चल रही बसों व ड्राइवरों के मुद्दे पर चर्चा हुई। एक्शन कमेटी ने फैसला किया है कि यदि १८ जून २०२७ तक कर्मचारियों की मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो बेमियादी हड़ताल शुरू की जाएगी।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 11.82 करोड़ रुपये की गांजा तस्करी का भंडाफोड़

### केरल की मॉडल गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंटेलिजेंस यूनिट (AIU) ने ड्रग्स तस्करी के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है. कस्टम विभाग ने केरल की मॉडल हर्षा सनी को 11.824 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजे के साथ गिरफ्तार किया है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस मादक पदार्थ की कीमत 11 करोड़ 82 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है. कस्टम विभाग ने आरोपी मॉडल को अदालत में पेश कर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग की है.

**कौन है गिरफ्तार मॉडल हर्षा सनी?**

हर्षा सनी मूल रूप से केरल के वायनाड जिले की रहने वाली है. वह पेशे से एक मॉडल, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और डांसर है. कोच्चि में आयोजित "मिसेज केरल ग्लोबल 2025" प्रतियोगिता में वह फर्स्ट रनर-अप रह चुकी है. इसके अलावा उसे "मिसेज केरल इंस्पायरिंग" का सब-टाइटल भी मिल चुका है.



**कैसे हुई गिरफ्तारी और ड्रग्स की जब्ती?**

कस्टम अधिकारियों के अनुसार, एडवांस पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम (APIS) प्रोफाइलिंग के आधार पर हर्षा सनी को संदिग्ध यात्री के रूप में चिन्हित किया गया था. 11 जून 2026 की सुबह करीब 4 बजे वह बैंकॉक से थाई एयरवेज की फ्लाइट से मुंबई पहुंची. एनडीपीएस एक्ट के तहत उसकी व्यक्तिगत तलाशी ली गई, जिसमें कुछ नहीं मिला. इसके बाद उसके सामान की जांच की गई. उसके पास मौजूद "Swisx Star" ब्रांड के बेज रंग के ट्रॉली बैग में 12 वैक्यूम-सील प्लास्टिक पैकेट छिपे हुए मिले. जब पैकेट खोले गए, तो उनमें से तेज गंध निकल रही थी. एनडीपीएस किट से जांच करने पर पुष्टि हुई कि यह हाइड्रोपोनिक गांजा (कैनाबिस) है, जिसका कुल वजन 11.824 किलोग्राम था.

**वकील का दावा: 'मॉडल को फंसाया गया है'**

हर्षा सनी की ओर से पेश वकील प्रभाकर तिवारी ने दावा किया है कि मॉडल को इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि बैग में ड्रग्स है. वकील के मुताबिक, हर्षा नेल आर्ट की पढ़ाई के लिए बैंकॉक गई थी, जहां उसकी मुलाकात एक भारतीय नागरिक से हुई. उस व्यक्ति ने हर्षा से मुंबई में अपने परिवार को कुछ 'उपहार और चॉकलेट' पहुंचाने का अनुरोध किया था. उड़ान का समय नजदीक होने के कारण हर्षा को पैकेट खोलकर देखने का समय नहीं मिला. उसे बताया गया था कि मुंबई एयरपोर्ट के बाहर उस व्यक्ति की पत्नी या बच्चा मिलेगा, जिन्हें ये पैकेट सौंपने थे.

**आगे की कार्रवाई और जांच**

कस्टम विभाग ने हर्षा के दावों को संदिग्ध मानते हुए उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 8(सी), 20(बी), 23(बी), 28, 29, 30, 35 और 54 के तहत मामला दर्ज कर उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है. जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि बैंकॉक में वह व्यक्ति कौन था जिसने ड्रग्स के पैकेट दिए और भारत में यह खेप किसे सौंपी जानी थी. मामले में अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है.

## मुंबई में गहराता लापता बच्चों का संकट!

### पुलिस ने शुरू किया 'ऑपरेशन खोज-४'



**मुंबई :** मुंबई में लापता और अपहृत बच्चों तथा महिलाओं की बढ़ती घटनाओं के बीच मुंबई पुलिस ने विशेष अभियान 'ऑपरेशन खोज-४' शुरू किया है। २२ जून २०२६ तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य गुमशुदा बच्चों और महिलाओं का पता लगाकर उन्हें सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाना है।

पुलिस के अनुसार, १८ वर्ष से कम आयु के लापता या अपहृत लड़के-लड़कियों तथा १८ वर्ष से अधिक आयु की लापता महिलाओं की तलाश के लिए विशेष पुलिस दल गठित किए गए हैं। शहर के सभी पुलिस थानों को अपने-अपने क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की गहन जांच कर खोज अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए बाल कल्याण और सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि सामाजिक संगठनों और नागरिकों की मदद से अधिक से अधिक लापता बच्चों और महिलाओं का पता लगाया जा सकेगा।

मुंबई पुलिस ने नागरिकों से भी सक्रिय सहयोग की अपील की है।

**२२ जून तक चलेगा विशेष अभियान**

रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, धार्मिक स्थलों, अस्पतालों, होटलों, दुकानों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध परिस्थितियों में दिखाई देने वाले बच्चों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया गया है। विशेष रूप से भीख मांगने वाले, कचरा बीनने वाले या विभिन्न स्थानों पर काम करते नजर आने वाले नाबालिग बच्चों पर नजर रखने को कहा गया है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई बच्चा लावारिस अवस्था में मिले या किसी संदिग्ध परिस्थिति में रह रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी जाए। नागरिक १०० और १०९८ हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं। साथ ही 'खोया-पाया' पोर्टल पर लापता बच्चों के फोटो अपलोड कर उनकी तलाश में सहयोग करने की अपील भी की गई है।


**'ऑपरेशन खोज-४' पर मुंबई पुलिस का फोकस**

मुंबई में बढ़ती गुमशुदगी की घटनाओं के बीच पुलिस ने 'ऑपरेशन खोज-४' शुरू किया है। २२ जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत लापता बच्चों और महिलाओं की तलाश के लिए विशेष दल गठित किए गए हैं। स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है।

## सिर्फ 12 घंटे में दिल्ली से मुंबई

### 20 जून बाद पूरी तरह खुल सकता है एक्सप्रेसवे

**मुंबई :** बहुप्रतीक्षित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जल्द ही पूरी तरह चालू होने के करीब पहुंच गया है। अधिकारियों के अनुसार राजस्थान के कोटा के पास स्थित 4.9 किलोमीटर लंबी महत्वपूर्ण सुरंग का निर्माण पूरा होने के बाद 20 जून के बाद किसी भी समय इस एक्सप्रेसवे को यातायात के लिए खोल दिया जा सकता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरूआत वर्ष 2019 में की गई थी। दिल्ली से गुजरात तक का बड़ा हिस्सा पहले ही पूरा हो चुका था, लेकिन भूमि अधिग्रहण संबंधी चुनौतियों के कारण पूरी परियोजना




में कुछ देरी हुई। लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह एक्सप्रेसवे अब अंतिम चरण में है। कोटा के पास निर्मित 4.9 किलोमीटर लंबी सुरंग इस परियोजना की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग उपलब्धियों में से एक मानी जा रही है। पहली बार किसी पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र, विशेष रूप से राजस्थान के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के नीचे से आठ लेन का राजमार्ग बनाया गया है। यह खंड बुनियादी ढांचा विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि इससे पहले किसी भी सुरंग में आठ लेन वाली सड़क का निर्माण नहीं किया गया था। यह सुरंग 1,386 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**घट जाएगा सफर का दुरी**

पूरे एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद दिल्ली और मुंबई के बीच सड़क मार्ग से यात्रा का समय 24 घंटे से अधिक की तुलना में घटकर लगभग 12 घंटे रह जाएगा। इससे न केवल यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि माल परिवहन और लॉजिस्टिक्स की लागत में भी उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है।

## अब वडाला से बांद्रा तक दौड़ेगी भूमिगत मेट्रो-११

**दूसरी अंडरग्राउंड मेट्रो को मिली मंजूरी**



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई की दूसरी भूमिगत मेट्रो परियोजना मेट्रो-११ के वडाला से बांद्रा टर्मिनस तक विस्तार को मंजूरी दे दी है। सरकार इसे शहर की कनेक्टिविटी के लिए महत्वपूर्ण बता रही है, लेकिन इस विस्तार के साथ परियोजना की लागत बढ़कर करीब २३,४८७ करोड़ रुपए तक पहुंच गई है, जिससे एक बार फिर बड़े बुनियादी ढांचा प्रकल्पों की बढ़ती लागत पर सवाल उठने लगे हैं। पहले यह मेट्रो लाइन वडाला से सीएसएमटी तक १७.५ किलोमीटर लंबी प्रस्तावित थी, लेकिन अब इसमें ६.९ किलोमीटर का नया भूमिगत हिस्सा जोड़ दिया गया है। इसके तहत चूनाभट्टी, सायन, सेंट्रल धारावी, बांद्रा और बांद्रा टर्मिनस समेत पांच नए स्टेशन बनाए जाएंगे। पूरी लाइन अब लगभग २३.४ किलोमीटर लंबी होगी और कुल १९ स्टेशन होंगे।

सरकार का दावा है कि वडाला से बांद्रा का सफर मात्र २० मिनट में पूरा होगा, लेकिन मुंबईकरों को इस सुविधा के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। फिलहाल केवल यूटिलिटी स्वैष्ठनिंग और मैपिंग का काम शुरू हुआ है, जबकि वास्तविक निर्माण कार्य २०२७ तक शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। धारावी पुनर्विकास परियोजना से जुड़े इस विस्तार को शहर के बड़े ट्रांसपोर्ट हब के रूप में पेश किया जा रहा है। हालांकि, करोड़ों रुपए की लागत वाली इस परियोजना के पूरा होने में कितना समय लगेगा और बढ़ते खर्च का अंतिम बोझ किस पर पड़ेगा, यह सवाल अब भी अनुत्तरित है। जापान की जेआईसीए से वित्तीय सहायता मिलने के बावजूद परियोजना की बढ़ती लागत और लंबी समयसीमा को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं।

## कल्याण में आधी रात को 'गैंगवॉर'!

### एक बुरी तरह घायल चार गुंडे हिरासत में

**कल्याण :** कल्याण में देर रात दो गैंगों के बीच पुरानी दुश्मनी ने ऐसा खूनी मोड़ लिया कि इलाके में गोलियां चल गईं। आत्मानगर इलाके में मिड नाइट में हुए इस सनसनीखेज फायरिंग कांड में राहुल वर्मा नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत पैष्ठल गई, जबकि पुलिस ने चार आरोपियों को दबोच लिया। जानकारी के मुताबिक, आत्मानगर में ह्यबिंदूह्ल और ह्यप्रेम गुंडाह्ल गैंग सक्रिय हैं। दोनों के बीच पिछले कई महीनों से वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई बार झड़प, मारपीट और धमकाने की घटनाएं हो चुकी थीं। स्थानीय लोग लंबे समय से इस गैंगवॉर जैसी स्थिति से परेशान थे। रात करीब ११:४५ बजे दोनों गुट आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला हिंसा में बदल गया। आरोप है कि इसी दौरान बदमाशों ने ताबड़तोड़ ३ से ४ राउंड फायरिंग कर दी। गोलियां चलते ही इलाके में भगदड़ मच गई।

**४ संदिग्ध हिरासत में**

फायरिंग में राहुल वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी अतुल झेंडे और एसीपी अशोक होनमाने समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। कोलशेवाडी पुलिस ने रातभर सर्च ऑपरेशन चलाकर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया।

**कहां से आए हथियार?**

इस फायरिंग ने कई गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं। आखिर इन युवकों तक हथियार पहुंच कहां से रहे हैं? अवैध हथियारों की सप्लाई कौन कर रहा है? और इलाके में गुंडागर्दी के पीछे किसका संरक्षण है? इन सवालों को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी है। फिलहाल, पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। फायरिंग में इस्तेमाल हथियारों की पड़ताल के साथ फरार आरोपियों की तलाश भी जारी है।

## डाके की साजिश को मालाड पुलिस ने किया नाकाम!

### नटराज मार्केट में पांच हिस्ट्रीशीटर पकड़े

**मुंबई :** मालाड के व्यस्त नटराज मार्केट को दहला देने की साजिश रच रहे पांच शातिर अपराधियों को मालाड पुलिस ने समय रहते गिरफ्तार कर एक बड़ी आपराधिक वारदात टाल दी। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में संभावित डाके की योजना धरी की धरी रह गई। गिरफ्तार सभी आरोपी पुराने हिस्ट्रीशीटर हैं, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड पहले से गंभीर मामलों से भरा पड़ा है।

पुलिस के अनुसार, सोमवार रात गश्त के दौरान नटराज मार्केट के आसपास पांच संदिग्ध युवक घूमते दिखाई दिए। उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सभी को हिरासत में ले लिया गया। गहन पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी इलाके में डाका डालने की तैयारी कर रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप जगदीश गुप्ता, इकबाल रमजान शेख, केतन विष्णु इरले, अरबाज सलीम शेख और अनिकेत दिलीप बारसिंगे के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि इन सभी के खिलाफ मुंबई के विभिन्न पुलिस थानों में चोरी, लूटपाट, डकैती और अन्य आपराधिक मामलों की लंबी फेहरिस्त दर्ज है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस को गुप्त सूचना भी मिली थी कि कुछ बदमाश हथियारों के साथ इलाके में घूम रहे हैं। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से डकैती में



इस्तेमाल होने वाले हथियार और अन्य संदिग्ध सामान भी बरामद किया गया है।मालाड पुलिस अब आरोपियों के पूरे आपराधिक नेटवर्क की जांच में जुटी है। यह पता लगाया जा रहा है कि उनका असली निशाना कौन था और इस साजिश में अन्य कौन-कौन शामिल हैं।

## 23 मामलों का आरोपी रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़ा


### आशिकी और अय्याशी के लिए करता था चोरी

**मुंबई :** मुंबई की लोकल ट्रेनों में सफर करने वाली महिलाओं को निशाना बनाकर उनके गले से मंगलसूत्र और सोने की चेन झपटने वाले एक शातिर अपराधी को रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी चोरी और लूटपाट से मिलने वाली रकम अपनी प्रेमिकाओं पर खर्च करता था तथा ऐशो-आराम की जिंदगी जीता था।

रेलवे पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने कुख्यात झपटमार तारू मोहम्मद अली शेख (३८) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब १.९५ लाख रुपए मूल्य का चोरी का मंगलसूत्र बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, ७ जून को अंधेरी निवासी महिला यात्री रुपाली बडेकर चर्चगेट से बोरीवली की ओर जाने वाली लोकल ट्रेन में सफर कर रही थीं। ट्रेन जैसे ही ग्रांट रोड स्टेशन के पास पहुंची और उसकी रफ्तार धीमी हुई, तभी आरोपी ने मौका देखकर उनके गले से मंगलसूत्र झपट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद वह चलती ट्रेन से प्लेटफॉर्म पर कूद गया और फरार हो गया। इस घटना से यात्रियों में हड़कंप मच गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए चर्चगेट रेलवे पुलिस और एसटीएफ ने तत्काल जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपी की पहचान की तथा जाल बिछाकर ८ जून को उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया। इसके बाद पुलिस ने कल्याण स्थित उसके घर पर छापा मारकर चोरी किया गया मंगलसूत्र बरामद कर लिया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ मुंबई सेंट्रल, सीएसएमटी, ठाणे, बोरीवली, कुर्ला और डोंबिवली समेत विभिन्न रेलवे पुलिस थानों में झपटमारी और जबरी चोरी के २३ से अधिक मामले दर्ज हैं। रेलवे पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य वारदातों की भी जांच कर रही है। महिलाओं के मंगलसूत्र लूटकर अय्याशी करने वाला यह शातिर फिलहाल सलाखों के पीछे पहुंच चुका है।

# 200 करोड़ के क्लब में 'पेद्दी' की एंट्री




हर हफ्ते के जैसे ही इस बार भी बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के बीच टकराव देखने के लिए मिल रहा है. राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' ने सभी को पछाड़ दिया है. इसके आगे सब पानी भरते नजर आई. लेकिन पहले दिन के मुकाबले फिल्म ने ठीक-ठाक कमाई कर ली है. ऐसे में अब शनिवार की भी कमाई का डाटा सामने आ गया है, जिसमें 'पेद्दी' का ही जलवा देखने के लिए मिला. फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली है. ऐसे में चलिए बाकी का हाल बताते हैं.

**'पेद्दी' का 10वें दिन का कलेक्शन**

राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्मेंस दिया है. फिल्म 10वें दिन भी शानदार कमाई कर रही है. सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले हफ्ते 193.55 करोड़ का बिजनेस किया था.

- 'पेद्दी' ने 10वें दिन 8.10 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.
- इस पर 27.3% ऑक्यूपेंसी भी दर्ज की गई है.
- इसका टोटल इंडिया नेट कलेक्शन 206.80 करोड़ हो चुका है.

# बॉक्स ऑफिस पर सुस्त कंगना रनौत की 'भारत भाग्य विधाता'




कंगना रनौत की फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' 12 जून को रिलीज हुई. फिल्म को शानदार रिव्यूज मिले. कंगना रनौत ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया. हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरूआत ठंडी रही. दो दिन में फिल्म का कलेक्शन काफी कम रहा है. आइए जानते हैं दूसरे फिल्म ने कितनी कमाई की.

**'भारत भाग्य विधाता' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन**

फिल्म ने दूसरे दिन 1.45 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 1956 शोज मिले. फिल्म को 17 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म का टोटल कलेक्शन 2.45 करोड़ हो गया है.

वहीं फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 2.93 करोड़ हो गया है.

**फिल्म को BOGO ऑफर का भी नहीं मिला फायदा**

फिल्म के फुटफॉल को बूस्ट करने के लिए मेकर्स ने BOGO (बाय वन गेट वन) ऑफर निकाला. फिल्म के सस्ते टिकट होने के बावजूद फिल्म के शोज को कम ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म के डायरेक्टर मनोज तापड़िया हैं. फिल्म में कंगना रनौत के अलावा गिरिजा ओक, स्मिता तांबे और ईशा डे जैसे स्टार्स हैं. फिल्म को कंगना रनौत के मणिकर्णिका फिल्म बैनर ने भी प्रोड्यूस किया है. फिल्म में रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्थे की बहादुरी की कहानी दिखाई गई.

फिल्म में दिखाया गया कि कैसे 26/11 मुंबई टैरर अटैक के दौरान दो आतंकवादी कामा हॉस्पिटल में घुस आते हैं. इस दौरान वहां के स्टाफ ने 250 से 300 लोगों की जान बचाई. इस दौरान हॉस्पिटल में कई प्रेग्नेंट महिलाएं भी थी, अंजलि कुल्थे ने उनकी मदद के लिए अपनी जान जोखिम में डाली थी.

कंगना के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें पिछली बार फिल्म 'इमरजेंसी' में देखा गया था. इस फिल्म में वो इंदिरा गांधी के रोल में थीं. इसके अलावा वो तेजस, चंद्रमुखी 2, धाकड़ जैसी फिल्मों में दिखचुकी हैं. अब वो 'सर्कल' और 'क्वीन 2' में नजर आएंगी.

## री-रिलीज में भी Haunted 3D का जलवा बरकरार




सिनेमाघरों में अक्सर वही फिल्में कब्जा जमाती है। जिनके पीछे बड़े सितारों का नाम और करोड़ों रुपये का भारी-भरकम विज्ञापन बजट होता है। मगर इस हफ्ते भारतीय सिनेमाघरों में एक ऐसा चौंकाने वाला उलटफेर देखने को मिला है जिसने बड़े-बड़े फिल्म समीक्षकों को हैरान कर दिया है। बीते शुक्रवार को बड़े पर्दे पर बॉलीवुड की बेबाक अदाकारा कंगना रनौत की फिल्म भारत भाग्य विधाता और मशहूर डायरेक्टर इम्तियाज अली की 'मैं वापस आऊंगा' जैसी फिल्में रिलीज हुई थी। हालांकि इस मुकाबले में बाजी मार ले गई बिना किसी तड़क-भड़क के रिलीज हुई एक खौफनाक फिल्म हॉन्टेड 3डी-इकोज ऑफ द पास्ट। इसके बाद बीते शनिवार को यानी रिलीजिंग के दूसरे दिन फिल्म की कमाई का ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ा और इसने 3.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया। 2 दिनों के भीतर ही इस फिल्म की कुल कमाई का आंकड़ा 5.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

फिल्म 'हॉन्टेड 3डी-इकोज ऑफ द पास्ट' में अहम भूमिका निभाने वाले कलाकारों ने अपनी अदाकारी से दर्शकों को स्क्रीन से बांधकर रखा है। मिमोह चक्रवर्ती, चेतना पांडे, मनवीर चौधरी और श्रुति प्रकाश ने किरदारों के डर और सस्पेंस को बड़े पर्दे पर बखूबी उतारा है।

## राशीभविष्य

**मेष :** अनुकूल ग्रह स्थिति है। आपके काम सुचारू रूप से बनते जाएंगे। परिवार में कोई समस्या चल रही है, तो आपसी सामंजस्य से उसका हल निकल आएगा। किसी समारोह में जाने का निमंत्रण भी मिल सकता है।

**वृष :** मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मनपसंद और रुचि वाले कामों में भी समय बिताएं। आपके किसी सराहनीय काम की वजह से घर और समाज में आपकी योग्यता तथा काबिलियत की प्रशंसा होगी।

**मिथुन :** खुद में भरपूर आत्मविश्वास महसूस करने के लिए अपनी क्षमता को करियर, अध्यात्म और धार्मिक गतिविधियों में लगाएं। उबाऊ दिनचर्या से भी राहत मिलेगी। युवाओं को अच्छी खबर सुनने को मिलेगी।

**कर्क :** कोई प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्या चल रही है, तो उसके हल होने की उम्मीद है। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। नजदीकी लोगों के साथ खुशनुमा समय बितेगा।

**सिंह :** ग्रह गोचर सकारात्मक बना हुआ है। इसका उचित सदुपयोग करें। जो काम काफी समय से रुके हुए या अटके हुए थे, वे कम प्रयास से ही सफल हो सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित रखेंगे।

**कन्या :** अनुकूल ग्रह स्थिति बनी हुई है, जो आपके आत्मविश्वास और आत्मबल को और मजबूत कर रही है। सोसाइटी या सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और संपर्क दायरा भी बढ़ेगा।

**तुला :** प्रॉपर्टी या वाहन से जुड़ी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। किसी भी विपरीत परिस्थिति को आप अपने आत्मविश्वास और सूझबूझ से अनुकूल बना लेंगे। अपनी योजनाओं को लागू करने के लिए समय अच्छा है।

**वृश्चिक :** आपने कुछ समय से जो लक्ष्य तय किया है, उस पर काम करने का अच्छा समय है। मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी और उत्साह महसूस होगा। धार्मिक आयोजन से जुड़ा प्रोग्राम भी बन सकता है।

**धनु :** वरिष्ठ लोगों के सानिध्य में बिताएं और उनका मार्गदर्शन लें। इससे मानसिक और आत्मिक सुकून मिलेगा। ज्यादातर काम योजनाबद्ध तरीके से पूरे होते जाएंगे। प्रॉपर्टी से जुड़ी खरीद-फरोख्त के काम भी पूरे हो सकते हैं।

**मकर :** व्यक्तिगत और घर-परिवार की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपका विशेष योगदान रहेगा। किसी विशिष्ट व्यक्ति से मुलाकात होगी और महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श भी रहेगा।

**कुंभ :** ग्रह स्थिति अनुकूल बनी हुई है। इससे आप अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान दे पाएंगे और खुद को ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। घर की सुख-सुविधाओं से जुड़े कामों में भी आपका महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

**मीन :** उत्तम ग्रह स्थिति बनी हुई है। कुछ समय से आप जिन कामों के लिए प्रयास कर रहे थे, आज उन्हें पूरा करने का समय आ गया है। अपनी अन्य जिम्मेदारियों को भी सहजता से निभा लेंगे।

# 'कॉकटेल 2' इवेंट में बेकाबू हुई भीड़



शाहिद कपूर, कृति सैनन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'कॉकटेल 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इन दिनों तीनों एक्टर्स फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं. हाल ही में शाहिद, कृति और रश्मिका पुणे के एक मॉल में पहुंचे. इस दौरान वहां फैंस की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो देखते ही देखते बेकाबू हो गई. लोगों ने बैरिकेड्स तोड़ दिए, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई. हालात इतने बिगड़ गए कि इस इवेंट को बीच में ही रोकना पड़ा.

**कृति सैनन ने बड़ी बहन की तरह किया रश्मिका मंदाना का बचाव**

इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में शाहिद कपूर को भीड़ के बीच से निकलने हुए देखा जा सकता है. वहीं, कृति सैनन ने बड़ी बहन की तरह रश्मिका मदांना को प्रोटेक्ट किया. वायरल क्लिप में साफ देखा जा सकता है कि कृति, रश्मिका को बेकाबू भीड़ से सुरक्षित निकालने की कोशिश कर रही हैं.

# बचपन से संगीत के दीवाने थे जुबिन नौटियाल

## 'एक मुलाकात' से चमकी किस्मत, बन गए करोड़ों दिलों की आवाज

बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक जुबिन नौटियाल का जन्म 14 जून 1989 को उतराखंड की राजधानी देहरादून में हुआ था। जुबिन नौटियाल आज अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। अपनी भावुक और दिल को छू लेने वाली आवाज के लिए मशहूर जुबिन ने संगीत की दुनिया में एक खास पहचान बनाई है। बचपन से ही जुबिन नौटियाल को संगीत से गहरा लगाव था। स्कूल के दिनों में उन्होंने म्यूजिक को अपने विषय के रूप में चुना और कम उम्र से ही संगीत की शिक्षा लेना शुरू कर दिया। महज 18 साल की उम्र में उन्होंने देहरादून में लाइव शो और चैरिटी कार्यक्रमों में गाना शुरू कर दिया था। धीरे-धीरे उनकी पहचान स्थानीय स्तर पर बनने लगी और लोग उनकी आवाज के दीवाने होने लगे।

**इंडियन आइडल से मिला था रिजेक्शन**

आज लाखों दिलों पर राज करने वाले जुबिन नौटियाल को अपने करियर के शुरूआती दौर में असफलताओं का भी सामना करना पड़ा। उन्होंने लोकप्रिय रियलिटी शो इंडियन आइडल में बतौर प्रतिभागी हिस्सा लिया था, लेकिन वह आगे तक नहीं पहुंच सके और शो से बाहर हो गए। हालांकि, इस झटके ने उनके हौसले को कमजोर नहीं किया। उन्होंने अपनी मेहनत जारी रखी और बाद में दूसरे सिंगिंग रियलिटी शो द एक्स फैक्टर इंडिया में हिस्सा लिया, जहां वह टॉप 25 तक पहुंचे।



**एक मुलाकात ने बदली किस्मत**

जुबिन के करियर का बड़ा मोड़ साल 2014 में आया, जब उन्हें फिल्म सोनाली केबल में गाना गाने का मौका मिला। फिल्म का गाना एक मुलाकात काफी लोकप्रिय हुआ और इसके साथ ही बॉलीवुड में उनकी एंट्री हो गई। इसके बाद उन्होंने कई सुपरहिट गाने गाए और अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी आवाज में गाए गए रोमांटिक और दर्द भरे गीतों को दर्शकों ने खूब पसंद

**एआर रहमान की सलाह ने बदली सोच**

जुबिन नौटियाल ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह 18 साल के थे, तब उनकी मुलाकात मशहूर संगीतकार एआर रहमान से हुई थी। रहमान ने उनकी आवाज की तारीफ करते हुए उन्हें जल्दबाजी न करने और अपनी आवाज को और परिपक्व होने का समय देने की सलाह दी थी। जुबिन के मुताबिक, यह सलाह उनके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण सीखों में से एक रही।

# टी20 मुंबई के फाइनल में हुआ लफड़ा

## आपस में भिड़े खिलाड़ी, हाथपाई भी हो जाती



**मुंबई:** टी20 मुंबई 2026 के फाइनल मुकाबले में मैदान पर जमकर ड्रामा हुआ। आर्क्स अंधेरी और मराठा रॉयल्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खिताबी मुकाबला हुआ। दूसरी पारी की 19वें ओवर में अंधेरी के बल्लेबाज गौरव जठार और रॉयल्स के खिलाड़ी रोहन राजे के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दौरान माहौल काफी ज्यादा बिगड़ गया। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर गौरव जाठर ने छक्का लगाया लेकिन अगली गेंद पर इरफान उमैर ने उनका विकेट ले लिया। पवेलियन लौड़ने के दौरान डगआउट के बाद फील्डिंग कर रहे रोहन राजे से गौरव की बहस होने लगी। पहले चौथे अंपायर ने दोनों को अलग किया लेकिन दोनों फिर एक दूसरे के करीब आ गए और जोरदार बहस करने लगे। इसके बाद अंधेरी की पूरी टीम को आना पड़ा और दोनों को अलग करना पड़ा। इस दौरान मराठा रॉयल्स के भी खिलाड़ी आ गए और उन्होंने राजे को दूर किया।

**आखिरी ओवर में जीती मराठा रॉयल्स**

टी20 मुंबई का खिताबी मुकाबला मराठा रॉयल्स ने अपने नाम किया। सिद्धेश लाड की कप्तानी वाली मराठा रॉयल्स ने पहले बैटिंग करते हुए 5 विकेट पर 154 रन बनाए थे। चिन्मय राजेश सुतार ने सबसे बड़ी 61 रनों की पारी खेली। अंधेरी की टीम 8 विकेट पर 146 रन ही बना सकी। आर्क्स अंधेरी को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 24 रन चाहिए थे। 19वें ओवर में 11 रन बने तो आखिरी ओवर में रोहन राजे ने गेंदबाजी की। उन्होंने इस ओवर में सिर्फ 5 ही रन दिए। मराठा की टीम ने मैच को 8 रनों से जीत लिया। अर्जुन तेंदुलकर अंधेरी की टीम का हिस्सा हैं। 12 गेंदों पर अर्जुन के बल्ले से सिर्फ दो रन निकले।

# शुभमन गिल ने धर्मशाला में रचा इतिहास

## तोड़ डाला विराट कोहली का सालों पुराना महा-रिकॉर्ड

धर्मशालाः भारतीय क्रिकेट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल ने शनिवार, 13 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मुकाबले में एक ऐसा ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित कर दिया है, जिसे आज तक कोई भी भारतीय मेंस क्रिकेटर नहीं छू सका था। शुभमन गिल वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 3,000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह अद्भुत मुकाम धर्मशाला के मैदान पर अपनी 62वीं पारी में हासिल किया। वर्ल्ड क्रिकेट की बात करें तो गिल अब दुनिया में दूसरे सबसे तेज 3,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, उनसे आगे सिर्फ साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज हाशिम अमला हैं।



**तोड़ा विराट कोहली का 14 साल पुराना रिकॉर्ड**

इस ऐतिहासिक आंकड़े को छूते ही शुभमन गिल ने अपने आदर्श और भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का सालों पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। विराट कोहली ने 14 फरवरी 2012 को श्रीलंका के खिलाफ अपनी 75वीं वनडे पारी में 3,000 रन पूरे किए थे। गिल ने उन्हें बहुत बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है। गिल अब दुनिया के महज 7वें और भारत के पहले ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने 70 से कम पारियों में यह मुकाम हासिल किया है।

इस मुकाबले से पहले गिल को इस जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए 47 रनों की दरकार थी। बारिश के कारण मैच को 25-25 ओवर का कर दिया गया था और भारत के सामने 195 रनों का बड़ा लक्ष्य था, जिससे गिल पर दबाव होना लाजमी था। लेकिन मैदान पर उतरते ही कप्तान गिल बिल्कुल बेखौफ नजर आए, मानो वह टी20 मैच में बल्लेबाजी कर रहे हों। उन्होंने महज 35 गेंदों में ही जरूरी 47 रन ठोक दिए।

**वनडे में सबसे तेज 3,000 रन (पारी के हिसाब से):**

- 57 पारियां - हाशिम अमला (दक्षिण अफ्रीका)
- 62 पारियां - शुभमन गिल (भारत)
- 67 पारियां - शाई होप (वेस्टइंडीज)
- 67 पारियां - फखर जमान (पाकिस्तान)
- 67 पारियां - इमाम-उल-हक (पाकिस्तान)

# फीफा विश्व कप में रेफरी ने बेइमानी की

## हैंडबॉल पर नहीं दी पेनल्टी, स्कॉटलैंड 36 साल बाद जीता



**बोस्टनः** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप सी के मुकाबले में स्कॉटलैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हैती को 1-0 से हराया। स्कॉटलैंड ने विश्व कप में यह 36 साल बाद जीत दर्ज की है। यह जीत स्कॉटलैंड के लिए कई मायनों में खास रही। टीम ने 1990 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप में जीत दर्ज की। इसके अलावा 1982 के बाद यह पहली बार है जब स्कॉटलैंड ने किसी वर्ल्ड कप के पहले मुकाबले में जीत हासिल की है। 1982 में टीम ने न्यूजीलैंड को 5-2 से हराया था। इसके अलावा 1998 के बाद यह स्कॉटलैंड का पुरुषों के वर्ल्ड कप में पहला मैच था।

रेफरी के फैसलों की वजह से स्कॉटलैंड और हैती का यह मुकाबला विवादित रहा। मैच के 79वें मिनट में हैती के जीन-रिकनर बेलेगार्डे ने जोरदार किक मारा। बॉक्स के अंदर स्कॉटलैंड के डिफेंडर के हाथ में गेंद लगी। हैती के खिलाड़ियों की जोरदार अपील के बावजूद रेफरी ने उसपर ध्यान नहीं दिया। वीएआर ने भी इसमें कोई दखल नहीं दिया। बॉक्स के अंदर हैंडबॉल होने पर विपक्षी टीम को पेनल्टी मिलती है।

## संपादकीय

# बिखर रही क्षेत्रीय दलों की राजनीति

बंगाल में सत्ता से दूर होते ही ममता बनर्जी का साथ छोड़ने की उनके सहयोगियों में होड़ लग गई है। चार मई को बंगाल विधानसभा चुनाव नतीजे आने से पहले अजेय समझी जाती रहीं ममता बनर्जी की पार्टी के लगभग 20 लोकसभा सदस्य बगावत करने के लिए तैयार हैं। उनके राज्यसभा सदस्य भी एक-एक कर पार्टी छोड़ रहे हैं। उनके 58 विधायक पहले ही बागी हो चुके हैं। चुनावी हार के बाद यह बिखराव कोई पहला नहीं है। तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों के बाद अन्नाद्रमुक को भी बिखराव का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पार्टी नेता पलानीस्वामी हालात पर नियंत्रण पाने में कामयाब होते दिख रहे हैं। पार्टी ह्विप का उल्लंघन करके विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय का साथ दे चुके 25 में से उनके 21 विधायक नेतृत्व के प्रति आस्था जता चुके हैं। इसके ठीक पहले अरविंद केजरीवाल के सबसे नजदीकी सहयोगी माने जाते रहे राघव चड्ढा की अगुआई में आम आदमी पार्टी के दस में से सात राज्यसभा सदस्यों ने अलग गुट बना लिया। महाराष्ट्र की दो प्रमुख पार्टियां शिवसेना और राकांपा भी ऐसे ही हालात से दो-चार हो चुकी हैं। दोनों ही पार्टियों के बागी अब असली पार्टी बन चुके हैं और पार्टी का अधिकृत चुनाव निशान भी उन्हीं के पास है। शिवसेना संस्थापक बाला साहब ठाकरे के बेटे उद्धव और राकांपा के संस्थापक शरद पवार के पास अपने-अपने दलों की सिर्फ बी टीमें रह गई हैं। बिखराव वाले दलों में एक समानता है। सभी दल एक तरह से पारिवारिक पार्टी हैं। जब तक इन पार्टियों के साथ जनसमर्थन और सत्ता रही, इनके पारिवारिक मुखिया की हर बात स्वीकार्य रही, लेकिन सत्ता हाथ से जाते ही जिस तरह बिखराव बढ़ा है, उससे साफ है कि बागी दिल से दलीय अनुशासन या नेतृत्व के प्रति निष्ठा से नहीं बंधे थे। ममता बनर्जी के दल में जारी बड़ी बगावत के पीछे भाजपा का हाथ बताया जा रहा है, लेकिन इस आरोप के शोर में ममता के कार्यों और उनकी पार्टी चलाने की शैली को नहीं भुलाया जा सकता। पार्टी नेता मानते हैं कि ममता अधिनायकवादी ढंग से पार्टी चलाती रहीं। इसके खिलाफ उनकी पार्टी में असंतोष पहले से ही था। एक तरह से अंदर ही अंदर तूफान चल रहा था। अगर पार्टी सत्ता में लौट आई होती तो सरकारी ताकत की गोंद और नेताओं की कुछ पा लेने की उम्मीद के चलते यह तूफान थम जाता, लेकिन पार्टी चौथी बार सत्ता में नहीं लौट पाई। लिहाजा अंदर पनप रहा विद्रोह सतह पर आ गया।

इस आग में चुनावी हार के बाद हुई पहली बैठक में अभिषेक बनर्जी की मनमानी ने घी का काम किया। पार्टी के जीत की स्थिति में अभिषेक की बात मानने का फरमान स्वीकार हो जाता, लेकिन तृणमूल कार्यकर्ता अपनी हार के लिए अभिषेक की कार्यशैली को ही जिम्मेदार मानते हैं। लिहाजा उन्हें अभिषेक की सरपरस्ती मंजूर नहीं हुई। कार्यकर्ताओं को यह मलाल रहा कि तृणमूल बनाने वाले पिछड़ते गए और ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी ताकतवर होते गए। कुछ ऐसे ही हालात राकांपा में भी रहे। शरद पवार ने पार्टी की स्थापना की, उसमें उनका साथ उनके भतीजे अजीत पवार ने दिया। अजीत शरद पवार के स्वाभाविक उत्तराधिकारी माने जाते थे, लेकिन सुप्रिया सुले के आने के बाद उन्हें लगा कि जिस पार्टी को उन्होंने सींचा है, उसकी कमान उनके हाथ आने से रही तो उन्हें भी बगावत की राह सूझी। शिवसेना की स्थिति थोड़ी अलग रही। शिवसेना की पूरी राजनीति कट्टर हिंदुत्व के इर्द-गिर्द रहते हुए कांग्रेस विरोध पर टिकी थी, लेकिन उद्धव ठाकरे ने जिद में भाजपा को नीचा दिखाने के लिए कांग्रेस का हाथ थाम लिया। शिवसेना के कार्यकर्ताओं के सामने वैचारिक संकट खड़ा हो गया। जैसे ही सत्ता शिवसेना के हाथ से फिसली, पार्टी दोफाड़ हो गई। रही बात आम आदमी पार्टी की तो आंदोलन से निकली इस पार्टी ने पहले वैचारिकता प्रतिबद्धता का आदर्शवादी माडल प्रस्तुत करने का दावा किया, लेकिन बाद में वहां एकाधिकारवाद बढ़ता गया। अन्नाद्रमुक में विद्रोह की बड़ी वजह सत्ता से बढ़ती दूरी से उपजी निराशा रही। विपक्षी दलों में बिखराव का भाजपा को फायदा होगा, लेकिन इस तथ्य को भुलाया नहीं जा सकता कि लोकतांत्रिक राजनीति की बुनियाद में वैचारिक निष्ठा बेहद अहम है। दलों के अपने सिद्धांत इसी बुनियाद पर आधारित होते हैं और वे इसी आधार पर वोट मांगते हैं। हालांकि विचारधारा की राजनीति में गिरावट लंबे अर्से से दिख रही है, लेकिन अब यह चरम पर है। सत्ता जाते ही अपने दल से पीछा छुड़ाने और सत्ताधारी दल में शामिल होने की हिचक अब नहीं दिखती। हैरत की बात है कि उन्हें शामिल कराने वाला दल भी उनके पहले के अपशब्दों और निजी आक्षेपों को भुला देता है। निष्ठाएं बदलने के पीछे एक वजह चुनावी राजनीति का लगातार महंगा होता जाना भी है। अकूत संपत्ति के बिना आज के दौर में अपने दम पर चुनाव लड़ पाना आसान नहीं है। सामान्य पृष्ठभूमि के वही उम्मीदवार चुनावी मैदान में गंभीर चुनौती देने में कामयाब होते हैं, जिनका दल मजबूत होता है या फिर उनका राजनीतिक नेतृत्व उनका साथ देता है। चूंकि सत्ता की ही सवारी के जरिये ताकत और संपत्ति कमाई जा सकती है, इसलिए वैचारिक निष्ठाएं त्यागने में देर नहीं लगती।

# मेट्रो-3 से विस्थापित राजनीतिक दलों के कार्यालयों का किराया अब राज्य सरकार देगी

**मुंबई :** मेट्रो-3 परियोजना के तहत विस्थापित किए गए सात राजनीतिक समेत कुल 27 कार्यालयों के किराए का भुगतान अब राज्य सरकार अपने खजाने से करेगी।

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एक अप्रैल से किराया प्रतिपूर्ति बंद किए जाने के बाद सरकार ने यह जिम्मेदारी अपने हाथ में ली है। ये कार्यालय नरीमन पॉइंट स्थित विधान भवन मेट्रो स्टेशन के निर्माण के लिए फ्री प्रेस जर्नल रोड की बैरकों से स्थानांतरित किए गए थे। राज्य सरकार और एमएमआरसीएल के बीच हुए समझौते के तहत इन कार्यालयों को किराए के परिसरों में स्थानांतरित किया गया था और



अब तक किराया एमएमआरसीएल वहन कर रही थी।

**मनोरा परिसर तैयार होने तक जारी रहेगी व्यवस्था**

मेट्रो-3 परियोजना के लिए फंड जुटाने के उद्देश्य से बैरकों वाली जमीन एमएमआरसीएल को सौंपी गई थी, जिसे बाद में भारतीय रिजर्व बैंक को बेच दिया गया। सरकार के निर्णय के अनुसार ये सभी कार्यालय निमार्णाधीन मनोरा विधायक निवास परिसर में स्थानांतरित होने तक किराए के इमारतों में ही संचालित होंगे। इस दौरान पीडब्ल्यूडी पट्टा समझौतों की प्रक्रिया पूरी करेगा, जबकि सामान्य प्रशासन विभाग मकान मालिकों को किराए का भुगतान करेगा।

**इन पार्टी के कार्यालय किराए पर संचालित**

वर्तमान में किराए के परिसरों से संचालित होने वाले राजनीतिक दलों में राका (शरदचंद्र पवार। किसान व मजदूर पाटी, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), भारिपा बहुजन महासंघ, पीपुल्स रिपब्लिकन पार्टी, सपा और महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी शामिल हैं। इनके अलावा छठे वित्त आयोग, कानूनी माप नियंत्रक और रोजगार व स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र सहित कई सरकारी कार्यालय भी किराए के परिसरों में संचालित हो रहे हैं।

# मुंबई में ड्रग्स का नया मॉड्यूल

## बांग्लादेशी किन्नर ड्रग्स डॉन गिरफ्तार

**मुंबई:** मुंबई पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में ऐसे ड्रग्स नेटवर्क का खुलासा करने का दावा किया है, जिसने जांच एजेंसियों को भी चौंका दिया। पुलिस के अनुसार, अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाली एक बांग्लादेशी नागरिक ने जेंडर परिवर्तन कर नई पहचान बनाई और कथित तौर पर मुंबई में एमडी ड्रग्स की सप्लाई का नेटवर्क खड़ा कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तुशी खान के रूप में हुई है। पुलिस का दावा है कि वह मूल रूप से बांग्लादेश की नागरिक है और अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद जेंडर परिवर्तन कर नई पहचान के साथ रहने लगी। जांच में सामने आया है कि उसने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड और बैंक खाते भी बनवाए थे। पुलिस के मुताबिक, तुशी खान पिछले करीब दो वर्षों से मुंबई में एमडी ड्रग्स के कारोबार से जुड़ी हुई थी। आरोप है कि उसने किन्नर समुदाय के कुछ लोगों को अपने नेटवर्क से जोड़कर नशे की सप्लाई का संगठित तंत्र तैयार किया था। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह में २५ से अधिक लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। हाल ही में मिली गुप्त सूचना के आधार पर मुंबई पुलिस ने उपनगरीय क्षेत्र में जाल बिछाकर तुशी खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई मुंबई में सक्रिय नारकोटिक्स नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हुए थे।

# मुंबई में मानसून से निपटने के लिए एक्शन मोड में प्रशासन

## आशीष शेलार ने दिए समन्वय के निर्देश

**मुंबई :** मानसून के दौरान मुंबई में बाढ़ और जलभराव जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एकीकृत योजना तैयार करने के निर्देश मुंबई उपनगर के पालक मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने रेलवे, मुंबई महानगरपालिका, बेस्ट, जिला प्रशासन, मेट्रो और अन्य संबंधित प्राधिकरणों को दिए हैं।

उन्होंने सभी एजेंसियों को आपसी समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था बनाने को कहा। पश्चिम रेलवे मुख्यालय में आयोजित समन्वय बैठक में मंत्री शेलार ने रेलवे क्षेत्र में नाले सफाई और मानसून पूर्व तैयारियों का जायजा लिया।

बैठक में मनपा के अतिरिक्त आयुक्त अविनाश ढाकणे, मध्य रेलवे के मंडल प्रबंधक हिरेश मीणा, पश्चिम रेलवे के मंडल प्रबंधक पंकज सिंह सहित रेलवे, मनपा, अग्निशमन दल और जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पश्चिम रेलवे ने जानकारी दी कि चर्चगेट से विरार के बीच जल निकासी के लिए रेलवे ट्रैक के नीचे कुल 15 माइक्रो टनल बनाए गए हैं, जिनमें से चार माइक्रो टनल का कार्य इस वर्ष पूरा किया गया है। इसके अलावा 126 पंप लगाए गए हैं और लगभग 2400 वैगन गाद निकाली गई है।



**मध्य रेलवे ने भी बढ़ाए संसाधन**

मध्य रेलवे ने बताया कि जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए 220 पंप लगाए गए हैं। करीब 350 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर स्थित 160 नालों और गटरों की सफाई पूरी की गई है। दोनों रेलवे मार्गों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे और वर्षा मापक यंत्र भी स्थापित किए गए हैं।

**भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान**

मंत्री शेलार ने निर्देश दिए कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने, बाहरी सड़कों पर यातायात जाम कम करने तथा यात्रियों को पानी और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए पहले से समन्वित कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने रेलवे और मनपा की सीसीटीवी व्यवस्था आपातकालीन नियंत्रण कक्ष, पंप संचालन व्यवस्था में तालमेल रखने तथा रेलवे स्टेशनों के पैदल पुलों, यातायात पुलों और परिसर में लगे होर्डिंग्स का स्ट्रक्चरल ऑडिट करने के निर्देश दिए। साथ ही मस्जिद बंदर क्षेत्र में रेलवे सीमा के भीतर स्थित 24 जर्जर इमारतों और कुछ झोपड़ियों के पुनर्वास संबंधी विस्तृत रिपोर्ट तैवार कर शासन को भेजने को कहा।

# मुंबई में AI ने खोली नाला सफाई घोटाले की पोल

## ठेकेदारों पर 9.25 करोड़ रुपये का जुर्माना



**मुंबई :** मुंबई में मानसून पूर्व नाला सफाई कार्यों की निगरानी के लिए अपनाई गई एआई आधारित प्रणाली ने कई ठेकेदारों की लापरवाही और अनियमितताओं की पोल खोल दी है।

तस्वीरों, वीडियो और डिजिटल साक्ष्यों की जांच में सामने आई खामियों के आधार पर बीएमसी ने संबंधित ठेकेदारों पर 9 करोड़ 25 लाख 72 हजार 830 रुपए का जुर्माना लगाया है। यह राशि ठेकेदारों के बिलों से वसूली की जा रही है।

इस बीच अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने स्पष्ट किया है कि नाला सफाई कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही अनियमितताओं के खिलाफ प्रशासन की शून्य सहिष्णुता नीति आगे भी जारी रहेगी।

बीएमसी के अनुसार मुंबई में हर वर्ष मानसून से पहले मीठी नदी, बड़े नालों और छोटे नालों से गाद और कीचड़ निकालने का कार्य किया जाता है, ताकि बारिश के पानी का निकास सुनिश्चित हो सके। इस वर्ष भी मार्च के पहले सप्ताह से नाला सफाई अभियान शुरू किया गया था। नाला सफाई कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बीएमसी ने पिछले वर्ष से एआई आधारित निगरानी प्रणाली लागू की है।

**एआई से कार्यप्रणाली में किया जा रहा सुधार : बांगर**

बांगर ने कहा कि एआई आधारित निगरानी और प्रत्यक्ष स्थल निरीक्षण के कारण कार्यों में हुई गड़बड़ियां प्रभावी रूप से सामने आई हैं। विशेष रूप से स्थल निरीक्षण में मिली कमियां और वीडियो अपलोड न करना दंडात्मक कार्रवाई के प्रमुख कारण रहे, उन्होंने कहा कि एआई प्रणाली के माध्यम से कार्यप्रणाली में लगातार सुधार किया जा रहा है और महानगरपालिका प्रशासन उन्नत तकनीकों को अपनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

**30 सेकंड का वीडियो अपलोड करना अनिवार्य**

इसके तहत कार्यस्थल की तस्वीरों के साथ 30 सेकंड का वीडियो अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। छोटे नालों की सफाई से पहले और बाद की स्थिति की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी जरूरी है। इन सभी वीडियो और तस्वीरों का एआई के माध्यम से विश्लेषण कर कार्यों की निगरानी की जाती है। जांच के दौरान तिरपाल हटाए बिना वजन कराना, एक ही तस्वीर का बार-बार उपयोग, गाद निपटान के दौरान छूल नियंत्रण में लापरवाही, आवश्यक तस्वीरो और वीडियो का अभाव, वाहन और वर्क कोड में विसंगति जैसी अनेक खामियां सामने आई। मशीनरी और वाहनों की कमी, मजदूरों को सुरक्षा उपकरण न देना, निकाली गई गाद का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निपटान न करना और कार्यों में देरी जैसी कमियां भी पाई गई।

**इस तरह लगा जुर्माना**

एआई आधारित जांच में सामने आई त्रुटियों के लिए कुल 8 करोड़ 99 लाख 26 हजार 830 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। इसमे बड़े नालों से संबंधित कार्यों पर 1 करोड़ 39 लाख 39 हजार 380 रुपए, छोटे नालों पर 6 करोड़ 11 लाख 86 हजार 950 रुपए और मीठी नदी से जुड़े कार्यों पर 1 करोड़ 48 लाख 500 रुपए का दंड शामिल है। प्रत्येक त्रुटिपूर्ण फेरी पर 1,000 की दर से 26 लाख 46 हजार रुपए का अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया गया है। मनपा आयुक्त अश्विनी भिडे के निर्देशानुसार वर्षा जल निकासी विभाग ने यह कार्रवाई की है।

# नाजायज रिश्ते का खौफनाक अंजाम

**बदलापुर :** बदलापुर-पूर्व में नाजायज रिश्ते का खौफनाक खात्मा हो गया। एक सनकी शख्स ने शादीशुदा महिला के प्यार के चक्कर में दिल दहला देने वाला कदम उठाया। बेवफाई का शक या टूटे रिश्ते से बौखलाए व्यक्ति ने प्रेमिका का गला चाकू से रेत दिया। इसके बावजूद उसके कलेजे को ठंडक नहीं पंहुची, तो उसने चाकू से अपने आप पर कई वार कर लिए और खुद को भी मिटा डाला। इस खून-खराबे का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि सारा वाकिया महिला के ४ साल के बेटे के सामने हुआ। बच्चा कार में बैठा हुआ था और जब उसने देखा कि उसकी मां पर चाकू से बेरहमी से वार किए जा रहे हैं तो वह चिल्लाता रहा, 'मेरी मम्मी को मत मारो' खून सवार व्यक्ति ने बच्चे की भी नहीं सुनी और अवैध रिश्ते की कहानी खत्म कर डाली। अपनी नजरों के सामने मां का कत्ल होते देख बच्चा सदमे में है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुवार दोपहर बदलापुर-पूर्व स्थित खरडई इलाके के सुनसान जगह पर एक ३० वर्षीय महिला और ३० साल के व्यक्ति की लाश खून से लतपथ हालत में पड़ी थी। इस बात की जानकारी कैब से चिल्लाकर ४ साल के बच्चे ने राहगीर को दी। राहगीर ने फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पंहुची तो क्या देखती है कि महिला और शख्स की लाश पड़ी हुई है और चाकू बगल में पड़ा हुआ है। पुलिस को पहले लगा कि किसी और ने दोनों की हत्या की होगी, लेकिन बच्चे ने तुतली जबान में सारी हकीकत बताई तो पुलिस हैरान रह गई। पुलिस ने दोनों लाशों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी पाटील ने बताया बच्चे द्वारा बताए गए जानकारी के मुताबिक युवक ने पहले महिला की हत्या की और बाद में खुद को भी चाकू से मार लिया। अधिकारी के मुताबिक, जांच में पता चला है कि मृतकों के बीच नाजायज रिश्ता था। मृतका का पति घाटकोपर में चाय की दुकान चलाता है। पुलिस ने उसका भी स्टेटमेंट लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

# विवादित बयान देना MBBS छात्रा को पड़ा भारी

## सेजल पवार कॉलेज से 15 दिन के लिए निलंबित

**मुंबई :** स्टैंड-अप कॉमेडीयन प्रणित मोरे के कॉमेडी शो में शामिल हुई और अपने आपत्तीजनक बयान से विवादों में घिरी एमबीबीएस की छात्रा सेजल पवार की मुश्किलें बढ़ गई है। के.ई.एम. अस्पताल प्रशासन ने एमबीबीएस तृतीय वर्ष की छात्रा सेजल पवार के विवादित वीडियो को लेकर जारी विवाद पर कहा है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। विस्तृत जांच पूरी होने तक छात्रा को 15 दिनों के अनिवार्य अवकाश पर भेज दिया गया है।

अस्पताल प्रशासन की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया कि एक कॉमेडी कार्यक्रम के दौरान सेजल पवार द्वारा की गई टिप्पणियों और उससे जुड़े वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों की चिंताओं



को गंभीरता से लिया गया है। शिकायत मिलने के तुरंत बाद संस्थान ने प्रारंभिक तथ्य जांच प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान संबंधित छात्रा को बुलाकर उसका स्पष्टीकरण और माफीनामा दर्ज किया गया तथा वायरल वीडियो और अन्य संबंधित सामग्री की समीक्षा की गई।

**छात्रा सेजल पवार को 15 दिन की छुट्टी**

प्रारंभिक जांच, मामले की संवेदनशीलता तथा मृत व्यक्तियों, देहदान करने वालों और चिकित्सा शिक्षा की गरिमा को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने सेजल पवार के खिलाफ अंतरिम अनुशासनात्मक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की है। इसके तहत सेजल पवार को 13 जून से प्रभावी 15 दिनों के अनिवार्य अवकाश पर भेज दिया गया है। यह आदेश विस्तृत जांच पूरी होने और आगे के निर्देश जारी होने तक प्रभावी रहेगा। शनिवार सुबह 10:30 बजे उन्हें इस अवधि के लिए उनके माता-पिता एवं अभिभावकों की निगरानी में सौंप दिया गया।

**जांच समिति करेगी पड़ताल**

अस्पताल प्रशासन ने सेजल पवार को संस्थागत जांच में पूर्ण सहयोग करने और जांच समिति द्वारा बुलाए जाने पर व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया है। संस्थान ने मामले की विस्तृत जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच समिति गठित करने का प्रस्ताव भी भेजा है। इस समिति में वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य, एक बाहरी सदस्य तथा संस्थान के अन्य प्रतिनिधि शामिल होंगे। समिति मामले के तथ्यों, परिस्थितियों, प्रभाव और सोशल मीडिया पर वीडियो के प्रसार सहित सभी पहलुओं की जांच कर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।

**मामले की निष्पक्ष जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई**

के.ई.एम. अस्पताल ने अपने बयान में कहा कि मरीजों, मृत व्यक्तियों, देहदान करने वालों और उनके परिजनों के प्रति सम्मान चिकित्सा शिक्षा का मूल मूल्य है। इसलिए इस पूरे मामले को गंभीरता, संवेदनशीलता और निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत संभाला जाएगा।

अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विस्तृत जांच अभी जारी है और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी), महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (एमयूएचएस), बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) तथा संस्थान के नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा।

# 19 साल के किशोर की चाकू घोंपकर हत्या

**ठाणे :** सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट इतनी महंगी पड़ी कि इस चक्कर में सड़क पर कत्ल हो गया। इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर हुए झगड़े में १९ साल के लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। हमले में उसका बड़ा भाई भी घायल हो गया है। पोस्ट को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई। बात इतनी बढ़ गई कि मामला हाथापाई और फिर चाकूबाजी तक पहुंच गई। बहस के दौरान आरोपी ने लड़के पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के वार से १९ साल का लड़का गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

झगड़े के दौरान लड़के का बड़ा भाई बीच-बचाव करने आया तो उसे भी चोटें आई। उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मरने वाले की पहचान साहिल दिलीप पांचाल के रूप में हुई। वह ठाणे के तुलसीधाम का रहने वाला था। उसके घायल भाई की पहचान ओमकार दिलीप पांचाल के तौर पर हुई है।

**इंस्टाग्राम के नकली अकाउंट से करता था कमेंट**

सोशल मीडिया के पोस्ट पर कमेंट को लेकर हुए झगड़े में एक लड़के का मर्डर हो गया। पुलिस ने मर्डर के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनकी उम्र २३, १९ और २० है। आरोपियों में से एक ने 'कोमल' नाम से एक नकली इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया था, ताकि मरने वाले की गर्लफ्रेंड के पेज पर हर बार स्टोरी और तस्वीरें पोस्ट करने पर आपत्तिजनक जवाब पोस्ट कर सके।

गर्लफ्रेंड ने इस बारे में साहिल को बताया कि उसे कोमल नाम के अकाउंट से आपत्तिजनक पोस्ट आ रहे हैं। पता करने पर मालूम हुआ कि आरोपियों ने एक फेक अकाउंट बनाया है। साहिल ने मुख्य आरोपी को बुधवार दोपहर करीब ३:३० बजे ठाणे पश्चिम स्थित चितलसर में तत्वज्ञान विद्यापीठ के पास इस मामले पर बात करने के लिए बुलाया। बातचीत गरमागरम बहस में बदल गई और उनके बीच झगड़ा शुरू हो गया। आरोपी ने अपने पास रखा चाकू निकाला और साहिल की छाती पर कई वार किए। साहिल के छोटे भाई ओमकार ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी ने उसके पेट में चाकू मार दिया। पुलिस ने बताया कि हमलावर अपने साथियों के साथ तुरंत मौके से भाग गया। बाद में चितलसर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# कचरा साफ करनेवाली 'बॉबकैट' मशीन ने महिला को कुचला, घटनास्थल पर ही सफाईकर्मी की मौत

**मुंबई :** मुंबई के जुहू बीच पर सफाई अभियान के दौरान एक बॉबकैट (पकॉम्पैक्ट ट्रैक लोडर) मशीन के नीचे कुचलकर मनपा की एक महिला सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पीड़िता एक वाहन से गिर गई थी और फिर दूसरी मशीन की चपेट में आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई और उसके सहकर्मी सदमे में आ गए। महिला मनपा के घन कचरा व्यवस्थापन विभाग में कार्यरत थी। बॉबकैट नाम से मशहूर यह मशीन गंदगी व मिट्टी हटाती है। जानकारी के अनुसार, मृतका का नाम अंगामा देवेंद्र था और वह विले पार्ले के नेहरू नगर की निवासी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना सुबह साढ़े दस से ग्यारह बजे के बीच उस समय हुई, जब कर्मचारी बीच का एक हिस्सा साफ करने के बाद काम खत्म कर रहे थे। बताया गया कि अंगामा देवेंद्र एक लोडर से गिर गई और उसी समय पीछे चल रही दूसरी मशीन ने महिला को कुचल दिया।

**मनपा ने साधी चुप्पी**

मनपा के 'के पश्चिम' विभाग से इस हादसे पर प्रतिक्रिया के लिए संपर्क किया गया, लेकिन वहां के अधिकारियों ने घटना पर चुप्पी साध ली। खबर लिखे जाने तक उनसे कोई जवाब नहीं मिला।

**सहकर्मी रह गए हैरान**

एक सहकर्मी ने बताया कि वे सभी वाहन के पीछे वाले हिस्से में बैठे थे और उनके पीछे भी एक मशीन चल रही थी। रेत में एक छोटा गड्ढा था, जो दिखाई नहीं दे रहा था। उसी पर वाहन से झटका लगा और देवेंद्र गिर गई। अचानक हुए इस हादसे में पीछे चल रही मशीन के ब्रेक समय पर नहीं लग पाए। यह बहुत भयावह था और हम सभी डर गए थे।

जुहू में सफाई के दौरान एक दर्दनाक घटना में एक महिला सफाईकर्मी की जान चली गई। सफाई करनेवाली बॉबवैष्ठट मशीन ने उसे कुचल दिया। वहां टीम में तैनात एक कर्मचारी ने कहा कि उन्हें पहले इस घटना पर विश्वास ही नहीं हुआ। वे नाश्ता करने पार्क गए थे, तभी हादसे की जानकारी मिली और तुरंत वापस लौटे। पुलिस चौकी के अधिकारी पहले ही मौके पर पहुंच चुके थे और आवश्यक कार्रवाई कर रहे थे। देवेंद्र को कूपर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम किया जाना है।

## बिहारः पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों का हिंसक प्रदर्शन

### ट्रेनों में तोड़फोड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज और हवाई फायरिंग



**बिहार :** बिहार के पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर परीक्षा देने आए छात्रों के हंगामे से अफरा-तफरी मच गई। सैंकड़ों की संख्या में जुटे छात्रों ने हिंसक प्रदर्शन किया जिसके बाद पुलिस और छात्रों के बीच जवाबी कार्रवाई हुई। बताया जा रहा है कि बिहार पुलिस प्रोहिबिशन कॉन्स्टेबल परीक्षा के उम्मीदवारों को ले जा रही कई ट्रेनें देर से पहुंचीं, जिससे परीक्षार्थियों में काफी गुस्सा फैल गया।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया, चेतावनी के तौर पर हवाई फायरिंग की और लाठीचार्ज किया। हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं।

## भारत तभी विकसित होगा जब बिहार समृद्ध होगा : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



**पटनाः** बिहार की राजधानी पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित बनाने के लिए निरंतर विकास कार्य कर रहे हैं. मेरा मानना है कि भारत तभी विकसित होगा जब बिहार समृद्ध होगा. उन्होंने कहा कि आज से 2000 वर्ष पूर्व इस धरती ने देश को स्वर्णिम काल दिया. लगभग 200 वर्षों तक बिहार शासन का केन्द्र रहा जिसे स्वर्णिम काल के रूप में जाना जाता है. बीच के कालखंड में आक्रांताओं ने भारत आकर सिर्फ लूटपाट मचाई. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि 24 घंटे में 20 घंटे हम सबको काम करना होगा. न खायेंगे, न खाने देंगे, न सोयेंगे, न सोने देंगे, तभी बिहार समृद्ध होगा. उद्योग स्थापित करने के लिए 30 दिनों के अंदर क्लियरेंस मिलेगा.

उन्होंने कहा कि बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ० श्रीकृष्ण सिंह ने बिहार के विकास के लिए काफी काम किया. वर्ष 1962 से 90 के बीच जो मुख्यमंत्री रहे उनका कार्यकाल मात्र एक से डेढ़ वर्ष के बीच ही रहा. उन्होंने कहा कि हमें पूरी व्यवस्था बदल कर सामाजिक संरचना खड़ा करते हुये लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है, तभी बिहार समृद्ध होगा. बिहार दुनिया का सबसे अधिक घनत्व आबादी वाला राज्य है. पिछले 20 वर्षों से अपने संसाधन से बिहार का ग्रोथ रेट डबल डिजिट में रहा है. भारत सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है.

इस दौरान बिहार में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में 85 प्रतिशत लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं. देश के किसी भी कोने में आप कश्मीर से कन्याकुमारी तक चले जाएं सबसे अच्छी ग्रामीण सड़क आपको बिहार में ही मिलेगी. शहरी इलाकों में भी सड़कों को बेहतर बनाया जा रहा.

उन्होंने कहा कि आज से 30-40 साल पहले प्रतियोगिता दर्पण में यह सामान्य ज्ञान हुआ करता था कि एशिया की सबसे बड़ी कॉलोनी कंकड़बाग, पटना है. लेकिन अब हमलोग 12 नई टाउनशिप विकसित कर रहे हैं इसके लिए 6 लाख 25 हजार एकड़ भूमि पर काम शुरू किया जा रहा है. जिसमें 6.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश आने वाला है. विकसित होने वाले 12 टाउनशिप में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, इंडस्ट्रियल पार्क भी विकसित किया जाएगा.

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए पिछले कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया है. पहले ऐसी व्यवस्था थी कि आवेदन देने के बाद भी नगर निगम और अग्निशमन में आवेदन लंबित रहते थे. अब हमने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि उद्योग या स्टार्टअप लगाने के लिए आवेदन देने के 30 दिनों के अंदर क्लियरेंस मिलेगा. इस तरह से बिहार में युवाओं को बंपर रोजगार मिल सकेगा.

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि वर्ष 2014 में जब हम नगर विकास मंत्री थे, उससे पहले कंपनी सचिव नहीं हुआ करते थे. हमने बुडको के साथ इसे जोड़ने का काम किया. बिहार से जुड़े जो भी चार्टर्ड अकाउंटेंट स्टॉक शेयर या कंपनी सचिव हैं, बिहार को समृद्ध बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है. आप सभी का सहयोग जिस दिन ताकत बन गई, बिहार देश का अग्रणी राज्य बन जाएगा.

उन्होंने कहा कि बिहार में बिजली, पानी, सड़क सहित सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सरकार ने हर घर तक पहुंचाया है. अगले 5 वर्षों में हमारे बिजली उत्पादन की क्षमता काफी बढ़ जाएगी. बिहार के बिजली उपभोक्ताओं को अगले 30 साल बाद भी बिजली आपूर्ति की जितनी जरूरत होगी, उतनी बिजली उत्पादन की क्षमता हम अगले 2 साल में पूरा कर लेंगे. बड़ी संख्या में यहां उद्योग भी स्थापित हो रहे हैं, उसके लिए भी बिजली की आवश्यकता पड़ेगी जिसको ध्यान में रखते हुए काम किया जा रहा है. हम लोग बिजली सब्सिडी के रूप में उपभोक्ताओं को 23000 करोड़ रूपया दे रहे हैं जो देश में सबसे ज्यादा है.

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हमलोगों पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये सरकारी अधिकारियों और कर्मियों के बिहार भ्रमण की व्यवस्था लागू की है ताकि हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को जाने और नजदीक से देखें. बिहार की समृद्धि तभी संभव होगी जब हम अपने विरासत को समझेंगे. बाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व, राजगीर, भीम बांध, मुंगेर का योग आश्रम, भागलपुर का विक्रमशिला विश्वविद्यालय, सीतामढ़ी का पुनौरा धाम, बोधगया जहां भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त कर दुनिया को शांति का संदेश दिया, गयाजी में सनातन धर्म के लोगों को मोक्ष प्राप्त होता है, वहां विष्णु पद मंदिर भी है. सोनपुर के हरिहरनाथ में भगवान विष्णु और भगवान शिव के बीच मल्ल युद्ध हुआ था. हमने कहा है की ऐसे महत्वपूर्ण स्थलों को इसके तहत शामिल किया जाय. उन्होंने कहा कि 6 माह पहले जब हम गृह मंत्री थे तो जैन धर्म के लोगों ने मुलाकात की थी. शीतला मंदिर के पीछे 200 करोड़ रुपए की लागत से भगवान महावीर का मंदिर बन रहा है. अगले 6 माह में वह बनकर तैयार हो जायेगा.

## दौसा में बस-ट्रक की टक्कर में 20 यात्री घायल

### अलीगढ़ से जयपुर जा रही यूपी रोडवेज की बस के उड़े परखच्चे



**आगरा :** अलीगढ़ से जयपुर जा रही यूपी रोडवेज की बस दौसा में आगरा बाईपास पर भीषण हादसे का शिकार हो गई है। बस और ट्रक के बीच टक्कर के बाद दर्दनाक सड़क हादसे में दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 4:30 बजे हुआ। जिसमें 20 लोग घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, उस समय ज्यादातर यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। चश्मदीदों ने बताया कि बस के आगे वाले ट्रक से टकराने पर अचानक जोरदार टक्कर हुई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा डैमेज हो गया, और कई यात्री अपनी सीटों से उछलकर घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर, थाना शहर की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से, उन्होंने घायलों को बस से निकाला और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में नाइट-ड्यूटी CMO डॉ. आशीष ने कहा, "यूपी रोडवेज की बस, जो अलीगढ़ से जयपुर जा रही थी, दौसा बाईपास पर एक्सीडेंट हो गई। कुल 20 लोगों को यहां लाया गया है। सभी की हालत स्थिर है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं और उनका अभी इलाज चल रहा है।"

शुरूआती जांच से पता चलता है कि एक्सीडेंट शायद इसलिए हुआ क्योंकि ड्राइवर आगे चल रहे ट्रक की दूरी का अंदाजा नहीं लगा पाया या गाड़ी बहुत तेज थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नागपुर में 16 जून को 'कॉकरोच जनता पार्टी' के आंदोलन की तैयारी

### पुलिस से मांगी अनुमति




**नागपुरः** नीट पेपर लीक, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी अब नागपुर में बड़ा आंदोलन करने की तैयारी में है. पार्टी समर्थकों ने 16 जून को संविधान चौक पर प्रदर्शन आयोजित करने के लिए पुलिस से अनुमति मांगी है. इस प्रस्तावित आंदोलन को लेकर शहर में राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है. उल्लेखनीय है कि इस आंदोलन में अभिजीत दीपके भी शामिल हो सकते है.

पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता और युवा सीताबर्डी पुलिस थाने पहुंचे. इस दौरान कई युवाओं के हाथों में गुलाब के फूल भी थे. उन्होंने संविधान चौक पर आंदोलन की अनुमति के लिए आवेदन सौंपा. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आयोजकों को पुलिस आयुक्त कार्यालय से भी आवश्यक मंजूरी लेने की सलाह दी.

पार्टी के स्थानीय पदाधिकारी दुर्गेश कुडके ने बताया कि आंदोलन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और बड़ी संख्या में युवाओं के शामिल होने की संभावना है. उन्होंने कहा कि संस्थापक अभिजीत दीपके से भी आंदोलन को लेकर चर्चा हुई है, हालांकि उनकी अंतिम सहमति का अभी इंतजार है. उम्मीद जताई जा रही है कि दीपके जल्द ही सोशल मीडिया के माध्यम से आंदोलन की औपचारिक घोषणा करेंगे.

आयोजकों का दावा है कि संविधान चौक पर करीब 2 हजार लोगों की भीड़ जुट सकती है. हालांकि दिल्ली और पुणे में हुए आंदोलनों में युवाओं की बड़ी भागीदारी को देखते हुए पुलिस संभावित भीड़ को लेकर सतर्क नजर आ रही है. सीताबर्डी पुलिस स्टेशन के थानेदार सुहास राऊत ने बताया कि आंदोलन की अनुमति के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है. इस संबंध में पुलिस उपायुक्त अन्नपूर्णा सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है. आयोजकों से कुछ आवश्यक जानकारी मांगी गई है. सभी पहलुओं की समीक्षा के बाद निर्धारित शर्तों के साथ अनुमति देने पर निर्णय लिया जाएगा.

## डिफेंस सिस्टम और रुद्रम-II मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्लीः** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने दुश्मन के अलग-अलग तरह के खतरों के खिलाफ देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने वाली कई अहम तकनीकों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों और मध्यम दूरी पर एंटी-शिप क्षमता के खिलाफ मल्टी-लेयर्ड डिफेंस का प्रदर्शन करने के लिए 10 और 11 जून 2026 को लगातार तीन फ्लाइट टेस्ट किए गए।

मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) क्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया। इंटरसेप्टर्स ने अपने-अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक भेद दिया। इन सिस्टम्स को मिसाइल से जुड़े नए खतरों का सामना करने के लिए आधुनिक तकनीकों से डिजाइन और विकसित किया गया है।

**आईसीबीएम कैटेगरी में भारत को मिला खास मुकाम**

इन परीक्षणों ने देश को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया है, जिनके पास इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) तक को रोकने की क्षमता वाली बीएमडी प्रणाली मौजूद है। नेवल एंटी-शिप मिसाइल-मीडियम रेंज (एनएसएम-एमआर) का पहला फ्लाइट टेस्ट भी सफलतापूर्वक किया गया। इन फ्लाइट टेस्ट को डीआरडीओ और रक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन अहम तकनीकों का सफल प्रदर्शन करने पर डीआरडीओ को बधाई दी है।

**मिसाइल परीक्षणों पर डीआरडीओ की रही बारीक नजर**

रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के चेयरमैन राजेश कुमार सिंह ने इन परीक्षणों पर बारीकी से नजर रखी और डीआरडीओ और इंडस्ट्री की मिली-जुली कोशिशों की सराहना की। इसके पहले डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने वायु से सतह पर मार करने वाली अत्याधुनिक रुद्रम-क्कमिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया था।

## पेपर लीक, परीक्षा घोटाला और बेरोजगारी के खिलाफ 17 जून से देशव्यापी आंदोलन

### पीएम मोदी के खिलाफ मैदान में उतरेंगे राहुल गांधी



**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव 2029 में होने को है। कांग्रेस पार्टी ने देशव्यापी अभियान के पहले चरण का ऐलान किया है। यह अभियान पेपर लीक स्कैंडल, परीक्षा में गड़बड़ी, बेरोजगारी और भारत के युवाओं के हितों की रक्षा करने में सरकार की नाकामी जैसे मुद्दों पर केंद्रित है। इस पहल की अगुवाई लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी करेंगे, जो देश के प्रमुख शिक्षा केंद्रों में बड़े पैमाने पर छात्र सम्मेलनों की एक सीरीज आयोजित करेंगे। यह घोषणा केसी वेणुगोपाल ने की। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मकसद उन छात्रों, नौकरी के उम्मीदवारों, शिक्षकों और युवा समूहों को एकजुट करना है।

जो बार-बार होने वाले परीक्षा विवादों और भर्ती की चुनौतियों से प्रभावित हुए हैं। वेणुगोपाल के अनुसार राहुल गांधी 17 जून को कोटा में एक स्टूडेंट कन्वेंशन के साथ इस कैंपेन की शुरूआत करेंगे। इसके बाद 10 जुलाई को प्रयागराज (इलाहाबाद), 11 जुलाई को पटना और 14 जुलाई को दिल्ली में कार्यक्रम होंगे।

वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी, जो भारत के छात्रों और युवाओं के लिए सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय आवाज बनकर उभरे हैं, बड़े स्टूडेंट कन्वेंशन की शुरूआत कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों में छात्र, परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा, युवा संगठन, शिक्षक और वे सभी लोग शामिल होंगे जो परीक्षा से जुड़े घोटालों से सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं।

वेणुगोपाल ने कहा कि यह कैंपेन उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिन्होंने लाखों युवा भारतीयों को प्रभावित किया है, जैसे कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं, परीक्षा से जुड़े बढ़ते खर्च और भर्ती व शैक्षिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को लेकर चिंताएं हैं।

कांग्रेस की बड़े पैमाने पर छात्रों को एकजुट करने की योजना इस पहल के तहत कांग्रेस पार्टी अपने छात्र और युवा विंग जिसमें नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (NSUI) और यूथ कांग्रेस शामिल हैं के साथ-साथ राज्य और ज़िला स्तर की इकाइयों को शामिल करते हुए एक व्यापक आउटरीच प्रोग्राम की योजना बना रही है।

फिजिकल और डिजिटल निमंत्रण, कैंपस आउटरीच, कोचिंग सेंटरों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों और युवा केंद्रों पर बातचीत, सोशल मीडिया कैंपेन, लाइव स्क्रीनिंग और छात्रों के साथ सीधे जुड़ाव जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे। कैंपेन का मकसद छात्रों और नौकरी के उम्मीदवारों को अपने अनुभव साझा करने और परीक्षा में विफलता, भर्ती में देरी और पेपर लीक विवादों पर चिंताएं उठाने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा है कि 12 वर्षों की गरीब-विरोधी आर्थिक नीतियों और compromised विदेश नीति ने आज देश को ऐसे हालात में ला खड़ा कर दिया है जहाँ लाखों गरीब परिवारों और महिलाओं को लकड़ी के जहरीले धुएं की तरफ धकेल दिया गया है। उज्ज्वला योजना में सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या 9 से घटाकर 4 कर दिया गया। उसपर पिछले 3 महीनों में घरेलू LPG सिलेंडर के दाम ₹89 बढ़ा दिया गया - मतलब, पहले दाम बढ़ाओ, फिर सब्सिडी घटाओ, गरीबों का चूल्हा बुझाओ। प्रवासी मजदूरों की जीवनरेखा, 5 किलो का सिलेंडर भी ₹323 महंगा कर दिया - वो कमाएगा क्या, खाएगा क्या, और बचाएगा क्या?

अरबपति मित्रों को लाखों करोड़ों की कर्ज़माफी दिलाना और गरीबों को अपनी नाकामियों का बिल थमाना - ये लूट का मोदी मॉडल है। मोदी जी, क्या आपकी नाकामियों का बोझ सिर्फ गरीब उठाएंगे? क्या आपकी बनाई इस चरमराती अर्थव्यवस्था की कीमत मजदूर, किसान, महिलाएं और मध्यम वर्ग ही चुकाएंगे?

## भारतीय वायुसेना के 5 जवान शहीद

### कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश



**जोरहटः** असम में स्थित जोरहाट एयर फोर्स स्टेशन पर बड़ा हादसा हो गया। शनिवार सुबह एयर फोर्स स्टेशन पर भारतीय वायु सेना (IAF) का AN-32 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ़्ट क्रैश हो गया और उसमें आग लग गई, जिससे पाँच कर्मियों की मौत हो गई। वायु सेना ने इस हादसे में पाँच लोगों की मौत की पुष्टि की और घटना की जानकारी दी। हादसे में जान गंवाने वाले कर्मियों की पहचान स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ़्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम के तौर पर की गई है। को-पायलट बच गया है और इलाज चल रहा है।

भारतीय वायु सेना ने क्रैश के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारतीय वायु सेना के लिए एक अहम ट्रांसपोर्ट और फ्रंटलाइन ऑपरेशन बेस है। इस इलाके में काम करने के दौरान बेहद मुश्किल पहाड़ी इलाकों और मौसम के अनिश्चित मिजाज से निपटना पड़ता है; इन्हीं वजहों से पिछले कुछ दशकों में कई बड़े मिलिट्री एविएशन हादसे हुए हैं।

भारतीय वायु सेना को असम के जोरहाट में अल्ल-32 विमान दुर्घटना में अपने पांच कर्मियों की मौत पर गहरा दुख है। जोरहाट एयर फोर्स स्टेशन के अंदर एक बहुत गंभीर घटना हुई, जब लैंडिंग के दौरान एंटोनोव AN-32 टैक्टिकल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ़्ट में बड़ी खराबी आ गई।

शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक, एयरबेस पर लैंडिंग के कुछ ही देर बाद एयरक्राफ़्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना वाली जगह से सामने आई तस्वीरों में AN-32 बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिख रहा है और आस-पास मलबा बिखरा हुआ है। रक्षाकर्मी और इमरजेंसी रिस्पॉन्डर तेजी से घटनास्थल पर पहुँचते और दुर्घटना वाली जगह को सुरक्षित करते हुए देखे गए।

## ओमान के तट पर 3 भारतीयों की मौत पर भारत ने अमेरिका को चेताया



**नई दिल्लीः** भारत के तीन नाविकों की मौत का मामला उठाते हुए विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात की और खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के हमलों पर कड़ा विरोध जताया। रुबियो के साथ अपनी बातचीत के बारे में " पर एक पोस्ट में जानकारी देते हुए जयशंकर ने लिखा कि कमर्शियल शिपिंग के खिलाफ इस तरह की

**एस जयशंकर ने फोन कर रुबियो को जमकर सुनाया**

जानलेवा कार्रवाई सही नहीं है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार शाम मेरी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात हुई।

मैंने खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के उन हमलों पर भारत की कड़ी आपत्ति दोहराई, जिनमें तीन भारतीय नाविक मारे गए थे। बता दें कि इस हफ्ते ओमान के तट के पास भारतीय क्रू वाले तीन जहाजों पर हमले हुए। इनमें से एक हमले में तीन लोगों की मौत हो गई।



**अमेरिकी सेना ने ओमान के तट पर स्थित जहाज पर किया था हमला**

बता दें कि बुधवार को ओमान की खाड़ी में अमेरिका ने MT सेटेबेल्लो नाम के जहाज पर हमला किया था। अमेरिकी सेना ने हमले के बाद आरोप लगाया था कि यह ईरानी बंदरगाहों पर चल रही नौसैनिक नाकेबंदी का उल्लंघन कर रहा था। जहाज पर मौजूद 24 भारतीय क्रू सदस्यों में से 21 को बचा लिया गया, जबकि बाद में तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई।

**विदेश मंत्रालय ने कड़ा विरोध जताया**

इस बीच, ओमान के तट के पास कमर्शियल जहाजों पर हो रहे हमलों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराने के लिए विदेश मंत्रालय (MEA) ने शुक्रवार को अमेरिकी चार्ज डी'अफेयर्स' जेसन मीक्स को तलब किया।

वहीं, विदेश मंत्रालय (MEA) ने गुरुवार को कहा कि MT सेटेबेलो जहाज पर हुए हमले में मारे गए तीन भारतीय नाविकों की पहचान कर ली गई है और उनके शवों को जल्द से जल्द भारत लाने की कोशिशें की जा रही हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व मालिक अब्दुल नूर अब्दुल जहीर शेख द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कंपाउंड, गोडाउन नं. 8, 9, 10 घरटन पाड़ा के पास, वैशाली नगर अंतिम बस स्टॉप, दहिसर (पू), मुंबई - 400 068 से छपवाकर रूम नं. 6, अब्दुल्ला खान चाल, पाईप रोड, कुर्ला (प.), मुंबई - 400 070 से प्रकाशित किया। संपादकः अब्दुल नूर अब्दुल जहीर शेख, मो. नं.: 7039911433 E-mail: vijaysangharsh@gmail.com RNI No.: MAHHIN/2017/73054